## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- ईडी ने झारखंड में जल जीवन मिशन में अनियमितता मामले में की बड़ी कार्रवाई, रांची और चाईबासा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस, भाई और आइएएस अधिकारी मनीष रंजन से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी।
- भाजपा ने की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक, पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा– एनडीए घटक दलों में सीट शेयरिंग पर लगभग सहमति, आजसू पार्टी को 10 और जदूय को मिल सकती है दो सीट, लोजपा से भी बातचीत जारी।
- श्री सरमा ने कहा– चुनाव तिथि की घोषणा होते ही भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची होगी जारी।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा– राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- राज्य में फिर बदला मौसम का मिजाज, रांची, गुमला और सिमडेगा समेत कई जिलों में हुई बारिश, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक जताया बारिश का पूर्वानुमान।

***************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने झारखंड में आज बड़ी कार्रवाई की है। रांची और चाईबासा में 20 से अधिक ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। ईडी ने मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, भाई विनय ठाकुर, आईएएस अधिकारी मनीष रंजन समेत कई विभागीय अभियंताओं से जुड़े ठिकानों पर छापा मारा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर यह कार्रवाई की गई है। रांची के रातू रोड के अलावा हरमू और मोरहाबादी सहित अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है। इडी ने यह कार्रवाई रांची के पंडरा थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की है।

***************

झामुमो के वरिष्ठ नेता और राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने इस छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री ठाकुर ने आरोप लगाया कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के इशारे पर यह कार्रवाई की जा रही है।

***************

इधर, भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने छापेमारी पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय एक स्वतंत्र एजेंसी है जो जन शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं की राशि की झारखंड में बंदर बांट की जा रही है।

***************

राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों में बैठकों का दौर शुरु हो गया है। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की एक बैठक आज रांची में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अन्य पार्टी नेताओं के अलावा भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी शामिल हुए। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सरमा ने कहा कि एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर लगभग सहमति बन गयी है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची तैयार कर ली गयी है। चुनाव तिथि की घोषणा के तुरंत बाद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जायेगी।

***************

गिरिडीह की कांग्रेस नेता मंजू देवी आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में मंजू देवी को पार्टी की सदस्यता दिलायी।

***************

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आज रांची में पार्टी केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक बुलाई है। रांची के सोहराय भवन में आयोजित बैठक में झामुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भाग ले रहे हैं। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं।

**************

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। मंत्रिमंडलीय सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि लाभुकों को बढ़ी हुई राशि दिसम्बर माह से मिलेगी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 29 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी।

**************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्ध है। श्री सोरेन ने आज रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि सरकार ऐसी व्यवस्था बहाल कर रही है कि किसी को इलाज के लिए बाहर जाने की जरुरत नहीं पड़े।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने वर्जुअल माध्यम से मुंबई में झारखंड भवन और हजारीबाग में एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह ग्रीड सब स्टेशन परिसर की आधारशिला भी रखी।

**************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान के दौरान आज पुलिस ने दो आईईडी विस्फोटक बरामद किए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि तुम्बाहाका और चिड़ियाबेड़ा के बीच जंगल के रास्ते में नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाए गए दो आईईडी विस्फोटक बरामद किए गए। इनका वजन 5–5 किलोग्राम बताया गया है।

**************

तीन महीने के बकाया वेतन की मांग को लेकर राज्य भर के 108 एंबुलेंस चालकों ने आज कार्य बहिष्कार किया। चालकों ने कहा है कि कल तक मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

**************

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का पलामू जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मौसम एक बार फिर बदल गया है। रांची, गुमला और सिमडेगा समेत कुछ जिलों में आज दोपहर बाद से रुक–रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि दक्षिण भारत में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर राज्य पर दिखायी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों तक रांची, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है।

*******समाप्त*******